**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

**DAINIK JAGRAN**

# सृजन क्लब की कलाकृतियों ने बदला विवि का माहौल

## कलमायका का आगाज



उत्सव एलीमेंट्स कलमायका में जूंबा इवेंट में झूमती युवतियां ● जागरण

**जागरण संवाददाता, फरीदाबाद** : जेसी बोस (वाईएमसीए) विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका का आगाज हुआ। इस बार कलमायका की थीम शौर्य रखा गया है। विद्यार्थी उत्सव का हिस्सा बनने वाले अन्य छात्रों एवं आगंतुकों से डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने की अपील कर रहे हैं।

कलमायका उत्सव की शुरुआत विधिवत रूप से हवन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विद्यार्थी क्लबों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से सृजन क्लब की कला-कृतियों के नाम रहा। विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग में रंगने में सृजन क्लब की कड़ी मेहनत देखते ही बन रही है। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद विद्यार्थियों की कला के प्रति रचनात्मक सोच प्रदर्शित किया है। विभिन्न विषयों को लेकर दीवारों पर बनाई गई ग्रैफिटी पेंटिंग्स उत्सव के मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा कलमायका में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष की झलक भी देखने को मिल रही है। विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से विश्वविद्यालय के पुराने व नए लोगो को बनाकर प्रदर्शित किया है। कलाम चैक पर स्क्रैप आर्ट से बनी कृति भी सभी को आकर्षित कर रही हैं। विश्वविद्यालय का मुख्य रिसेप्शन की साज-सज्जा की गई। विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग जगह पर सेल्फी प्वाइंट्स भी तैयार किए गए हैं, जिसका विद्यार्थी खूब लुत्फ उठा रहे है। उत्सव का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.नरेश चैहान तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ.सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव एलीमेंट्स कलमायका विद्यार्थियों को खुलकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है।

**जूंबा इवेंट में विद्यार्थियों ने की जमकर मस्ती:** उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित जूंबा इवेंट विद्यार्थियों का सबसे पंसदीदा रहता है, जिसमें डीजे की संगीत धुनों पर विद्यार्थियों से लेकर अध्यापक और कर्मचारी सभी खुलकर लुत्फ उठाते हैं। इनमें भी विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और संगीत का आनंद लिया। उत्सव के पहले दिन कई तकनीकी इवेंट आयोजित हुए, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009

SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006

Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

**HINDUSTAN**

## वाईएमसीए में वार्षिक तकनीकी फेस्ट का शुभारंभ, एनसीआर के 30 संस्थानों के छात्र हिस्सा ले रहे

# कलमायका में छात्रों की प्रतिभा दिखी

**आगाज**

फरीदाबाद | कार्यालय संवाददाता

मोबाइल गेमिंग और रोबो वॉर इवेंट्स में तकनीकी कौशल दिखाया, अभिनय और नृत्य में हुनर पेश किया, तो वहीं फोटोग्राफी और शिल्पकला में प्रतिभा का परिचय दिया। जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में गुरुवार को तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' का खूबसूरत आगाज हुआ। उत्सव की शुरुआत विविधत हवन के साथ हुई। इसके बाद विभिन्न इवेंट्स में युवाओं ने दमखम दिखाया।

फेस्टिवल के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव छात्रों को प्रतिभा दिखाने का मंच देता है। उन्होंने बताया कि इस बार फेस्टिवल का थीम शौर्य रखा गया है, जोकि भारतीय सशस्त्र सेनाओं के पराक्रम को समर्पित है, वहीं उत्सव में पर्यावरण संरक्षण के लिए कागज का कम से कम उपयोग तथा डिजिटाइजेशन पर जोर दिया गया है।

**जुंबा में छात्रों ने जमकर मस्ती की :** उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच की ओर से जुंबा इवेंट का आयोजन किया गया। इसमें डीजे की धुन पर छात्र और फैकल्टी के सदस्य जमकर झूमे। हॉलीवुड और बॉलीवुड के गीतों पर छात्र-छात्राओं ने जमकर डांस किया। छात्रों को मस्ती भरा दिन देने के लिए कराए गए इस इवेंट में छात्र भारी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद कई तकनीकी इवेंट भी हुए। इनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



फरीदाबाद स्थित जेसी बोस यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय कलमाइका उत्सव के दौरान गुरुवार को छात्रों ने जुंबा डांस कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। • हिन्दुस्तान

**विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभा देखने को मिली :** फेस्टिवल के पहले दिन विभिन्न तकनीकी प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रतिभा का परिचय दिया। इसके अलावा कई इवेंट्स में हुनर भी दिखाया। पहले दिन लेन गेमिंग, मोबाइल गेमिंग, रोबोट वार, रोबोट शॉकर, नाटक, नृत्य, अभिनय, कॉमेडी, काव्य, चित्रकारी, कला एवं शिल्प, फोटोग्राफी, तकनीकी एवं कंप्यूटर आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

**ग्रैफिटी और पेटिंग में दिखी युवाओं की प्रतिभा :** उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब की कलाकृतियों के नाम रहा। विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग में रंगने में 'सृजन' क्लब के छात्रों ने बेहद रचनात्मक तरीके से विश्वविद्यालय को सजाया है। इन रचनाओं के जरिए जहां विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष की झलक भी देखने को मिली वहीं पुराने और नए लोगों के साथ खूबसूरत कलाकृति भी पेश की। उत्सव का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चैहान तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया गया।

### 12 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया

फेस्टिवल में फरीदाबाद व एनसीआर से करीब 30 शिक्षण संस्थान भाग ले रहे हैं। इसके लिए करीब 12 हजार छात्रों ने पंजीकरण कराया है। डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चैहान ने बताया कि उत्सव में विश्वविद्यालय के सभी 15 छात्र क्लब अहम भूमिका निभाएंगे। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान लगभग 150 सांस्कृतिक एवं तकनीकी इवेंट्स आयोजित किए जाएंगे।

### कार्यक्रम एक नजर में

● 11 अप्रैल को हुई है फेस्ट की शुरुआत ● 13 अप्रैल को होगा फेस्ट का समापन ● 150 सांस्कृतिक व तकनीकी इवेंट्स होंगे तीन दिन में ● 30 संस्थानों से छात्र ले रहे हैं हिस्सा ● 12 हजार करीब छात्रों ने कराया है पंजीकरण ● 15 छात्र क्लब निभा रहे भूमिका ● 35 करीब इवेंट का पहले दिन हुआ आयोजन

**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

**AMAR UJALA**

# कलाकृतियों के नाम रहा 'सृजन'

## जेसी बोस विवि में वार्षिकोत्सव का पहला दिन, विद्यार्थी डिजिटल वर्क को कर रहे प्रमोट


अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' की शुरुआत हुई। थीम 'शौर्य' के साथ मनाया जा रहे इस उत्सव में विद्यार्थी डिजिटल मोड वर्क को बढ़ावा दे रहे हैं।

पहला दिन 'सृजन' क्लब की कला-कृतियों के नाम रहा। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंधित विद्यार्थियों ने कला को बेहद रचनात्मकता के साथ पेश किया। अलग-अलग विषयों पर दिवारों पर ग्रैफिटी पेंटिंग्स बनाई गई। विश्वविद्यालय स्वर्ण जयंती पर आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय की कई खूबियां झलकाई गई। विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से विश्वविद्यालय के पुराने व नए लोगो को बनाकर प्रदर्शित किया है। सेल्फी के बढ़ते क्रेज को पूरा करने के लिए कई सेल्फी प्वाइंट्स बनाए गए हैं। उत्सव का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान और डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल मुख्य भूमिका निभा रही हैं।

**प्रयास है कि विद्यार्थी खुलकर प्रतिभा दिखाएं- प्रो. दिनेश कुमार**
:कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका' विद्यार्थियों को खुलकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर है। उत्सव में हर वर्ष कुछ नया देखने को मिलता है। विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास है कि विद्यार्थियों को वार्षिक उत्सव के दौरान अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिले। जूम्बा' इवेंट में विद्यार्थियों ने की जमकर मस्ती

उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित 'जूम्बा' इवेंट विद्यार्थियों का सबसे पसंदीदा इवेंट रहता है इसमें डीजे की संगीत धुनों पर विद्यार्थियों से लेकर अध्यापक और कर्मचारी सभी खुलकर लुत्फ उठाते है। इनमें भी विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और संगीत का आनंद लिया। उत्सव के पहले दिन कई तकनीकी इवेंट आयोजित हुए।



जेसी बोस विश्वविद्यालय में भविष्य की एक प्रतीकात्मक तस्वीर पर गंभीर हुई युवती।



फरीदाबाद के जेसीबोस विवि में वार्षिकोत्सव में योग का प्रदर्शन करते छात्र।



फरीदाबाद जेसीबोस बाईएमसीए में संगीत की धुन पर मस्ती करते विद्यार्थी।

**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# कला और हुनर के संगम 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' का रंगारंग आगाज



*नाटक प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थी।*


फरीदाबाद, 11 अप्रैल (ब्यूरो): जे.सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए फरीदाबाद के वार्षिक सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' का आज रंगारंग आगाज हुआ। इस बार उत्सव का थीम 'शौर्य' के तहत मनाया जा रहा है और विद्यार्थी कागज की बजाये डिजिटल माध्यमों के उपयोग को बढ़ावा दे रहे है।

उत्सव की शुरूआत विविधत रूप से हवन से हुई, जिसमें विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विद्यार्थी क्लबों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब के कला-कृतियों के नाम रहा। विश्वविद्यालय को उत्सव के रंग में रंगने में 'सृजन' क्लब की कड़ी मेहनत देखते ही बनती थी। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद विद्यार्थियों की कला के प्रति रचनात्मक सोच देखते ही बनती है। विभिन्न विषयों को लेकर दिवारों पर बनाई गई ग्रैफिटी पेंटिंग्स उत्सव को आकर्षक बना रही है। उत्सव के विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष की झलक भी देखने को मिल रही है। विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से विश्वविद्यालय के पुराने व नये लोगो को बनाकर प्रदर्शित किया है। कलाम चैक पर स्क्रैप आर्ट से बनी कृति भी सभी के आकर्षण का केन्द्र है। विश्वविद्यालय का मुख्य रिसेप्शन की साज-स४जा भी देखते ही बनती है, जिसे विद्यार्थियों ने खूबसूरती से सजाया है। सेल्फी को लेकर विद्यार्थियों में दिलचस्पी को देखते हुए अलग-अलग जगह पर सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाये गये है, जिसका विद्यार्थी खूब लुत्फ उठा रहे है। उत्सव का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चैहान तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है। उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच द्वारा आयोजित 'जूम्बा' इवेंट में विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और संगीत का आनंद लिया। उत्सव के पहले दिन कई तकनीकी इवेंट आयोजित हुए, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।


पंजाब केसरी ई-पेपर Fri, 12 April 2019 https://epaper.punjabkesari.in/c.

**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

## NAVBHARAT TIMES



स्टूडेंट्स ने स्क्रैप मेटल आर्ट से बनाई कलाकृति

# कला और हुनर का संगम 'एलीमेंट्स कलमायका' शुरू

■ एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद



**जेसी बोस** (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में गुरुवार को वार्षिक सांस्कृतिक व तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' की शुरुआत हुई। तीन दिन तक चलते वाले इस उत्सव का थीम शौर्य रखा गया है। उत्सव में स्टूडेंट्स कागज के उपयोग की जगह डिजिटल के उपयोग को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं। हवन के साथ उत्सव की शुरुआत हुई। तीन दिन के उत्सव में दिल्ली व एनसीआर के लगभग 30 शिक्षण संस्थानों से स्टूडेंट्स अलग-अलग गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। उत्सव के पहले दिन जुंबा इवेंट आकर्षण का केंद्र रहा। यूनिवर्सिटी के विवेकानंद मंच की तरफ से आयोजित इस इवेंट को स्टूडेंट्स के साथ ही टीचरों और कर्मचारियों ने खूब पसंद किया।

**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

## DAINIK BHASKAR

**एलीमेंट्स कलमायका** • विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से विवि के पुराने व नए लोगो को बनाकर प्रदर्शित किया, स्क्रैप आर्ट से बनीं कृति आकर्षण का केंद्र हैं

# पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब की कलाकृतियों के नाम रहा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) के तीन दिवसीय सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका-2019' का रंगारंग आगाज गुरुवार को हुआ। इस बार उत्सव की थीम 'शौर्य' है। उत्सव की शुरुआत हवन से हुई। उत्सव का पहला दिन पूरी तरह से 'सृजन' क्लब की कलाकृतियों के नाम रहा। इंजीनियरिंग पृष्ठभूमि से संबंध रखने के बावजूद विद्यार्थियों की कला के प्रति रचनात्मक सोच देखते ही बनती है। विभिन्न विषयों को लेकर दीवारों पर बनाई गई ग्रैफिटी पेंटिंग्स उत्सव को आकर्षक बना रही हैं। विद्यार्थियों ने स्क्रैप आर्ट से विश्वविद्यालय के पुराने व नए लोगो को बनाकर प्रदर्शित किया है। स्क्रैप आर्ट से बनीं कृति सभी के आकर्षण का केंद्र हैं। विश्वविद्यालय के मुख्य रिसेप्शन की साज-सज्जा भी देखते ही बनती है। जिसे विद्यार्थियों ने खूबसूरती से सजाया है। सेल्फी को लेकर विद्यार्थियों में दिलचस्पी को देखते हुए अलग-अलग जगह पर सेल्फी प्वाइंट्स भी बनाए गए हैं। जिनका विद्यार्थी खूब लुत्फ उठा रहे है। उत्सव का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. नरेश चौहान तथा डिप्टी डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सोनिया बंसल की देखरेख में किया जा रहा है।



फरीदाबाद. यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स की ओर से स्क्रैच आर्ट से बनाई गई कृति।

### स्टूडेंट्स खुलकर प्रतिभा व कौशल दिखाएं: प्रो. दिनेश

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का सांस्कृतिक एवं तकनीकी उत्सव 'एलीमेंट्स कलमायका' विद्यार्थियों को खुलकर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करता है। उत्सव में हर वर्ष कुछ नया देखने को मिलता है। विश्वविद्यालय प्रशासन का भी प्रयास रहता है कि विद्यार्थी वार्षिक उत्सव के दौरान अपनी प्रतिभा खुलकर दिखाएं। तीन दिवसीय उत्सव के दौरान लगभग 150 सांस्कृतिक एवं तकनीकी इवेंट्स होंगे।



**'जुबां' इवेंट में विद्यार्थियों ने की जमकर मस्ती:** उत्सव के दौरान विवेकानंद मंच की ओर से आयोजित 'जुबां' इवेंट विद्यार्थियों का सबसे पसंदीदा इवेंट रहता है। इसमें डीजे की धुनों पर विद्यार्थियों से लेकर अध्यापक और कर्मचारी सभी खुलकर लुत्फ उठाते हैं। इसमें विद्यार्थियों ने जमकर मस्ती की और संगीत का आनंद लिया। उत्सव के पहले दिन कई तकनीकी इवेंट हुए। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 12.04.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

# पोस्टर बना बच्चों ने दिया पानी बचाने का संदेश




**जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई**

■ **एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद**

**जेसी बोस (वाईएमसीए)** यूनिवर्सिटी जल सरंक्षण विषय पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 'जल संरक्षण-जरूरी भी और कर्तव्य भी' विषय पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। यूनिवर्सिटी के पर्यावरण विज्ञापन विभाग की तरफ से यूनिवर्सिटी के स्वर्ण जयंती वर्षोत्सव के उपलक्ष्य में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि प्रत्येक स्टूडेंट्स को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। क्योंकि इससे उन्हें अपने अंदर छिपी प्रतिभा व रचनात्मकता को निखारने का अवसर मिलता है। पर्यावरण विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित ने कहा कि प्रतियोगिता का आयोजन स्टूडेंट्स को पर्यावरण संबंधित मुद्दों पर जागरूक करने के उद्देश्य से किया गया था। डॉ. रेणुका गुप्ता ने स्टूडेंट्स को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार आयुष सिन्हा ने जीता। दूसरे स्थान पर छात्रा पारूल अग्रवाल व तीसरे स्थान पर अंजलि रही। इसी प्रकार, स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में सीमा विजेता रही। दूसरा पुरस्कार सलमान खान व तीसरा पुरस्कार शैफाली ने जीता।